

## बीबीएल में मैक्सवेल ने खेली कप्तानी पारी, 39 बॉल में ठोके 83 रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मानसिक तनाव से उबरने के लिए छुट्टियों पर गए ग्लेन मैक्सवेल ने मैदान पर लौटते ही अपना दम दिखा दिया है। गुरुवार को आईपीएल ऑक्शन के लिए मैक्सवेल पर जमकर पैसों की बारिश भी हुई और शनिवार को इस खिलाड़ी ने बिग बैश में अपना बल्ला चलाकर यह बता दिया कि आखिर उनपर क्यों 10.75 करोड़ रुपये की बोली लगाई गई है। मैक्सवेल इस सीजन के ऑक्शन में सबसे ज्यादा पैसा कमाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने हैं। बिग बैश लीग के इस सीजन में पहली बार खेलने उतरे मैक्सवेल ने 39 गेंदों में 83 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस पारी के दौरान उन्होंने 7 चौके और 5 छक्के भी जमाए। मैक्सवेल की इस बल्ले बल्ले पर उनकी आईपीएल टीम किंग्स इलेवन पंजाब ने भी खुशी जाहिर की है। मैक्सवेल को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैक्सवेल की इस शानदार पारी पर उन्हें गुरुवार को अपने टीम में खरीदने वाली किंग्स इलेवन पंजाब ने भी उनकी इस पारी की तारीफ में ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में किंग्स ने लिखा, बिग शो द्वारा एक बिग शो!

# हर भारतीय क्रिकेटर को एनसीए से गुजरना होगा

**क्रिकेट**

## पैट कमिंस को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 15.50 करोड़ में खरीदा

### बुमराह की फिटनेस का आकलन एनसीए में किया जाएगाः गांगुली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि जसप्रीत बुमराह की फिटनेस का आकलन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में किया जाएगा। पहले इस तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि न तो भारत का यह मुख्य तेज गेंदबाज और न ही राहुल द्रविड़ की अगुआई वाली संस्था बेंगलुरु में परीक्षण कराने के इच्छुक हैं।

बुमराह पीठ में 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' के बाद फिटनेस हासिल कर रहे हैं। उन्होंने हाल में विशाखापत्तनम में वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले भारत के नेट अभ्यास में गेंदबाजी की। गांगुली ने यहां



पत्रकारों से कहा, 'मुझे इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन भारतीय खिलाड़ियों को एनसीए जाना होगा और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह सहज हो और लॉजिस्टिक में जाना आसान हो।' वह उस रिपोर्ट का जवाब दे रहे थे जिसमें कहा जा रहा था कि बुमराह एनसीए में फिटनेस परीक्षण कराने के इच्छुक नहीं थे और न ही द्रविड़ ऐसा चाहते थे। ऐसा कहा जा रहा है कि पूर्व भारतीय कप्तान इस बात से नाराज हैं कि बुमराह ने एनसीए में ट्रेनिंग के बजाय निजी ट्रेनर के अंतर्गत रिहैबिलिटेशन कराने का फैसला किया।

छब्बीस साल के बुमराह चोट से उबरने के बाद आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनर रजनीकांत शिवागनानम के साथ मुंबई में ट्रेनिंग कर रहे हैं। गांगुली ने दावा किया, 'एनसीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के लिए पहला और अंतिम केंद्र होगा। यह भारतीय क्रिकेटरों के लिये है। हर किसी को एनसीए से जाना होगा।'

उन्होंने कहा, 'वे पूरे साल सभी जगहों पर क्रिकेट खेलते हैं। हम भी कोशिश करेंगे और देखेंगे कि एनसीए के फिजियो मुंबई में जसप्रीत की मदद के लिए आ सकते हैं या नहीं। हम एनसीए के अंतर्गत निगरानी रखनी होगी। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एनसीए में सर्वश्रेष्ठ लोग मौजूद हों।'

गांगुली ने हाल में एनसीए का दौरा किया था और द्रविड़ से चर्चा की थी जिन्हें इस साल जुलाई में वहां क्रिकेट प्रमुख नियुक्त किया गया था।

# ज्यादा डिमांड ने किया पैट कमिंस को मालामालः गांगुली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस की ऊंची रकम को यह कहते हुए सही बताया है कि उनकी मांग ज्यादा थी इसलिए वो अपनी जेब मालामाल करने में सफल रहे। कमिंस को आईपीएल-2020 की नीलामी में दो बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स ने 15. 5 करोड़ रुपये में खरीदा। गांगुली ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, 'नहीं, मुझे नहीं लगता कि कमिंस की कीमत ज्यादा है। इसका सीधा संबंध उनकी मांग से है। इस तरह की छोटी नीलामी



खिलाड़ियों के पीछे जाने के लिए ही होती हैं। बेन स्टोक्स भी इसी तरह की नीलामी का हिस्सा बने थे और इसलिए 14 करोड़ रुपये उन्हें मिले थे।'

कमिंस दूसरी बार कोलकाता के लिए खेलेंगे। वह 2014 में इस फ्रेंचाइजी के लिए खेल चुके हैं, इसी साल कोलकाता ने दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। आईपीएल-2020 की नीलामी में मालामाल होने वाले कमिंस लीग इतिहास में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं।

गांगुली ने कहा, 'ईडन की सख्त और हरी पिच पर जहां तेज गेंदबाजों को बाउंस ज्यादा मिलता है वहां कोलकाता मजबूत होगी। मुझे लगता है कि दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता में प्रतिस्पर्धा थी जिसमें एक निश्चित समय के बाद दिल्ली ने हार मान ली। इसलिए मुझे लगता है कि यह आपूर्ति और मांग की बात है।'

## 408 गेंदें और 26 चौके, तरुवर कोहली ने जड़ दिया तिहरा शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुडुचेरी। तरुवर कोहली रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में तिहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उनकी नाबाद 307 रन की पारी से मिजोरम ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में गुरुवार को यहां पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल की। कोहली ने अपनी पारी में 408 गेंदें खेली और 26 चौके लगाए। कप्तान केबी पवन ने भी 102 रन बनाए, जिससे मिजोरम ने अपनी पहली 9 विकेट पर 620 रन बनाकर समाप्त घोषित की। मिजोरम जब पहली पारी में बैटिंग करने उतरी तो उसकी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही। उसे पहला झटका सिर्फ 41 रनों पर ही लग गया, लेकिन इसके बाद तरुवर और लालहरुएजेला ने मोर्चा संभाला और टीम को 200 रनों के पार पहुंचा दिया। लालहरुएजेला 152 गेंदों में 19 चौके की मदद से 124 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान पवन ने 130 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्का की मदद से 102 रनों की पारी खेली। इसके बाद एक छोर से लगातार विकेट गिरते रहे, लेकिन कोहली अपनी जगह अडिग रहे।

## न्यूज डायरी



### मैच से पहले मस्ती कर रही टीम इंडिया, विराट ने पोस्ट कीं दो सेल्फी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम इन दिनों वेस्ट इंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज खेल रही है। दो मैचों के बाद सीरीज 1-1 से बराबर है और सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच रविवार को कटक के बारामती स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बीच कप्तान विराट कोहली ने टीम के कुछ खिलाड़ियों के साथ अपने खाली समय की दो तस्वीरें पोस्ट की हैं। दोनों तस्वीरों में विराट ने अपने साथी खिलाड़ियों के साथ सेल्फी ली है। विराट द्वारा पोस्ट की गई इन तस्वीरों में खिलाड़ी अपने खाली समय में कूल अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। विराट ने इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए मस्ती भरा कैप्शन भी लिखा है। अपने कैप्शन में विराट ने लिखा, एक खाली दिन और दोपहर में लड़कों के साथ वही करते हुए जो हमें चाहिए।

### मीराबाई चानू ने कतर इंटरनैशनल कप में गोल्ड मेडल जीता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। पूर्व विश्व चैंपियन वेटलिफ्टर साइखोम मीराबाई चानू ने छठे कतर इंटरनैशनल कप में 49 किलोवर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का खाता खोला। चानू ने ओलिंपिक क्वॉलिफाइंग टूर्नामेंट में 194 किलोवर्ग में पीला तमगा हासिल किया। ये अंक तोक्यो ओलिंपिक 2020 की अंतिम रैंकिंग के समय उपयोगी साबित होंगे। तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाइ करने के लिए एक भारोत्तोलक को छह महीने के तीनों अवधियों (नवंबर 2018 से अप्रैल 2020 तक) में से प्रत्येक में कम से कम एक स्पर्धा और कुल छह स्पर्धाओं में भाग लेना होगा। इसके साथ ही खिलाड़ी को कम से कम एक गोल्ड और एक अन्य सिल्वर स्तर की स्पर्धा में भाग लेना होगा। मणिपुर की इस खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 201 किलो है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 की गोल्ड मेडलिस्ट चानू स्नैच और क्लीन एंड जर्क में एक ही क्लीन लिफ्ट कर सकीं।

### गर्मी की वजह से बढ़ा तोक्यो ओलिंपिक बजट, रहेगा अब 12.6 अरब डॉलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। तोक्यो ओलिंपिक 2020 का बजट 12.6 अरब डॉलर (1.35 खरब येन) के आसपास रहने की संभावना है। आयोजकों ने ओलिंपिक का अंतिम बजट पेश करते हुए शुक्रवार को कहा कि गर्मी से बचने के उपायों के कारण कुल बजट में इजाफा हो गया है। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इस बजट में मैराथन और पैदलचाल की मेजबानी साप्पोरो को दिए जाने के कारण इन स्पर्धाओं का तीन अरब येन का बजट शामिल नहीं है क्योंकि इसकी लागत वहन करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति से विवाद चल रहा है। घरेलू प्रायोजन ओर टिकटों की बिक्री से आमद 30 अरब येन बढी है। इसके साथ ही यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के बजट में बढोतरी हुई है जिसमें गर्मी से निपटने के उपाय शामिल है। करीब 27 अरब येन का आपात बजट भी रखा गया है जो प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए होगा।

### वैश्विक खेल डोपिंग मामले 2017 में 13 प्रतिशत बढेः वाडा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मांट्रियल। विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि 2017 में अंतरराष्ट्रीय खेलों में डोपिंग के मामले पिछले 2016 की तुलना में 13 प्रतिशत बढ गए। वाडा ने कहा कि 2017 में डोपिंग के 1804 मामले दर्ज किये गए जबकि 2016 में इनकी संख्या 1595 थी। रिपोर्ट में कहा गया कि 2017 में दर्ज मामले 114 देशों और 93 खिलाड़ियों के थे। इटली के सर्वाधिक 171 खिलाड़ी डोपिंग के दोषी पाये गए जबकि फ्रांस के 128 और अमेरिका के 103 खिलाड़ी दोषी रहे। ब्राजील के 84 और रूस के 82 खिलाड़ी प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के दोषी पाये गए। चीन, भारत, बेल्जियम, स्पेन और दक्षिण अफ्रीका में भी डोपिंग के मामले पाये गए। बाडीबिल्डिंग में सबसे ज्यादा 266 और एथलेटिक्स में 242 खिलाड़ी दोषी रहे।